हिमाचल प्रदेश चौदहवीं विधान सभा

तेरहवां सत्र

लिखित उत्तर हेतु स्थगित प्रश्न

वीरवार, 19 नवम्बर, 2026/28, कार्तिक, 1948 (शक्)

[मुख्य मंत्री - उप-मुख्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - कृषि मंत्री - उद्योग मंत्री - राजस्व मंत्री - शिक्षा मंत्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री - लोक निर्माण मंत्री - नगर एवं ग्राम योजना मंत्री - आयुष मंत्री].

कुल प्रश्न - 3

ट्रांसपोर्ट नगर

1812 **श्री सतपाल सिंह सत्ती (ऊना):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश सरकार शिमला शहर में ट्रांसपोर्ट नगर विकसित करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कितने ट्रांसपोर्ट नगर एवं किन-किन स्थानों पर विकसित किए जाएंगे तथा वहां कौन-कौन सी गतिविधियां संचालित की जाएंगी; और

(ख) क्या शिमला शहर में संचालित विभिन्न वाहन वर्कशॉपों को प्रस्तावित ट्रांसपोर्ट नगरों में स्थानांतरित किया जाएगा; यदि हां, तो शिमला शहर में संचालित वाहन वर्कशॉपों की क्षेत्रवार संख्या का ब्यौरा दें?

अध्ययन अवकाश

1814 **श्री सतपाल सिंह सत्ती (ऊना):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि सरकार ने उच्च शिक्षा ले रहे सरकारी अधिकारियों/कर्मचारियों हेतु स्टडी लीव (अध्ययन अवकाश) के दौरान पूरा वेतन देने की व्यवस्था फिर से आरंभ की है; यदि हां, तो कारण सहित ब्यौरा दें;

(ख) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक विदेश में उच्च शिक्षा हेतु अध्ययन अवकाश (स्टडी लीव) पर कौन-कौन से अधिकारी/कर्मचारी गए; नाम, पते, पदनाम, कोर्स, संस्थान, अवधि व देश सहित ब्यौरा दें; और

(ग) क्या सरकार ने कोई ऐसी नीति या व्यवस्था बनाई है, जिससे यह तय हो सके कि अध्ययन अवकाश लेने वाले कर्मचारी की पढ़ाई को मापने योग्य प्रशासनिक नतीजों से जोड़ा जा सके तथा हासिल किए गए ज्ञान एवं कौशल का पब्लिक सर्विस डिलीवरी (जनसेवा) को बेहतर बनाने में इस्तेमाल किया जा सके न कि यह पॉलिसी सिर्फ़ एक सर्विस बेनिफिट (नौकरी का लाभ) बनकर न रह जाए; यदि हां, तो इस अवधि के दौरान शिक्षा ग्रहण करके वापिस आए अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा दिए गए योगदान का ब्यौरा दें?

फास्ट एवं सामान्य चार्जिंग स्टेशन

1819 **श्री बिक्रम सिंह (जसवां-प्रागपुर):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश के प्रत्येक जिले में सरकारी एवं निजी स्थानों पर स्थापित फास्ट एवं सामान्य चार्जिंग स्टेशनों की संख्या, स्थान, स्थापना वर्ष, स्थापित करने वाली एजेंसी/कंपनी तथा प्रत्येक स्टेशन की स्थापना का लागत सहित जिलावार ब्यौरा दें;

(ख) इनमें से कितने स्टेशन वर्तमान में कार्यशील तथा कितने बंद/खराब हैं; बंद स्टेशनों के स्थान, कारण एवं अद्यतन स्थिति सहित ब्यौरा दें;

(ग) सरकारी विश्राम गृहों, एच0आर0टी0सी0 परिसरों, पेट्रोल पम्पों, होटलों/रेस्टोरेंटों तथा अन्य निजी एवं सरकारी परिसरों में स्थापित स्टेशनों का स्थानवार ब्यौरा दें; और

(घ) बंद/खराब स्टेशनों को चालू करवाने हेतु सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए हैं तथा क्या संबंधित एजेंसी/कंपनी के विरुद्ध कार्रवाई कर उन्हें निर्धारित समय में चालू करवाने

की व्यवस्था की जाएगी; ब्यौरा दें?

शिमला: 171004. **यशपाल शर्मा,**

15 नवम्बर, 2026. **सचिव**